संख्या:322/79-6-2011-1(2)2009

प्रेषक,

रमेश चन्द्र घिल्डियाल,
संयुक्त सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
अलीगढ़, अम्बेडकर नगर, आजमगढ़, बागपत,बस्ती, हरदोई, झांसी, कानपुर नगर, कौशाम्बी, ललितपुर, मैनपुरी, मथुरा, प्रतापगढ़, रायबरेली,संतकबीरनगर, सहारनपुर ।

शिक्षा (6) अनुभाग लखनऊः दिनांकः 23 फरवरी, 2011

विषयः प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों (एन0सी0एल0पी0 विद्यालयों सहित) तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को पका-पकाया भोजन (कुक्डमील) दिए जाने के सम्बन्ध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशक, मध्याह्न भोजन प्राधिकरण, उ0प्र0, लखनऊ के पत्रांक-म0भो0प्रा0 /4117/2010-11 दिनांक 15-2-11 के संदर्भ में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रदेश के उपर्युक्त वर्णित विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को गर्म पका-पकाया भोजन (कुक्ड मील) दिए जाने हेतु योजनान्तर्गत खाद्य पदार्थ (यथा-दाल, सब्जी, तेल एवं वसा, नमक एवं मसाले ) परिवर्तन लागत एवं ईंधन की व्यवस्था हेतु व्यय करने के लिए जनपदों द्वारा उपलब्ध करायी गयी मध्यान्ह भोजन ग्रहण करने वाले बच्चों की संख्या के आधार पर वित्तीय वर्ष 2010-11 के चतुर्थ किश्त हेतु **केन्द्रांश के रूप में** संलग्न विवरणानुसार प्राथमिक वर्ग के विद्यालयों (एन0सी0एल0पी0विद्यालयों सहित) के लिए रूपये 4,94,04,000/- (रूपये चार करोड़ चौरान्नवे लाख चार हजार मात्र) तथा उच्च प्राथमिक वर्ग के विद्यालयों के लिए रूपये 6,66,86,000/- (रूपये छः करोड़ छियासठ लाख छियासी हजार मात्र) अर्थात कुल रूपये 11,60,90,000/-(रूपये ग्यारह करोड़ साठ लाख नब्बे हजार मात्र ) तथा प्राथमिक विद्यालय (एन0सी0एल0पी0 विद्यालयों सहित) के लिये चतुर्थ किश्त हेतु **राज्यांश के रूप में** रू0 1,64,67,000/-( रूपये एक करोड़ चौसठ लाख सरसठ हजार मात्र ) तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयो हेतु रूपये 2,22,28,000/-( रूपये दो करोड़ बाइस लाख अट्ठाइस हजार मात्र ) अर्थात कुल केन्द्रांश एवं राज्यांश के रूप मे रूपया 15,47,85,000/-(रूपये पन्द्रह करोड़ सैतालीस लाख पच्चासी हजार मात्र ) की धनराशि अवमुक्त किए जाने पर श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं । शासनादेश संख्या-3026/79-6-2009 दिनांक 26 दिसम्बर, 2009 के प्रस्तर 3 (ख) के प्राविधानानुसार प्राथमिक विद्यालयों मे पके-पकाए भोजन की व्यवस्था हेतु परिवर्तन लागत की दर रू0 2.69 प्रतिछात्र प्रतिदिन होगी जिसमें राज्यांश रू0 0.67 होगा तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों में पके-पकाए भोजन की व्यवस्था हेतु परिवर्तन लागत की दर रू0 4.03 प्रतिछात्र प्रतिदिन होगी जिसमें राज्यांश रू0 1.01 होगा ।

2— इस धनराशि के लेखों के रख–रखाव की समस्त कार्यवाही जिलाधिकारी द्वारा सुनिश्चित करायी जायेगी तथा तीन–तीन माह के अन्तराल में व्यय विवरण/उपयोगिता प्रमाण पत्र निदेशक,मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण को उपलब्ध कराए जाएंगे ।

3— उक्त मद में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2010–11 के आय–व्ययक के अनुदान संख्या–71 के अधीन लेखा शीर्षक '2202–सामान्य शिक्षा–01–प्रारम्भिक शिक्षा–आयोजनागत–112–विद्यालयों में मध्याह्न भोजन का राष्ट्रीय कार्यक्रम–01–केन्द्रीय आयोजनागत /केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजनाएं–0103–कुकिंग लागत आदि (के.75/रा. 25– के + रा0) –20–सहायक अनुदान/अंशदान /राज सहायता' के नामे डाला जाएगा।

5–यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय सख्या–ई–11–461/दस–2011 दिनांक–28 फरवरी,2011 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किए जा रहे हैं ।

संलग्नक–यथोक्त ।

भवदीय,

( रमेश चन्द्र घिल्डियाल )
संयुक्त सचिव ।

पृष्ठांकन समसंख्यक(1)तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1— महालेखाकार,उ0प्र0, इलाहाबाद ।
2— निदेशक, मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण,उ0प्र0,लखनऊ।
3— श्रम आयुक्त, कानपुर ।
4— निदेशक ,बेसिक/माध्यमिक शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ।
5— समस्त मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी,उत्तर प्रदेश ।
6— वरिष्ठ शोध अधिकारी,शिक्षा विभाग ।
7— नियोजन विभाग अनुभाग–4,उ0प्र0 शासन ।
8— वित्त ई–11 अनुभाग,उ0प्र0 शासन ।
9— बजट अनुभाग–2,उ0प्र0 शासन ।
10— वित्त नियंत्रक,बेसिक शिक्षा परिषद, इलाहाबाद ।
11— संबंधित समस्त सहायक बेसिक शिक्षा निदेशक, उ0प्र0।
12— संबंधित समस्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी/जिला विद्यालय निरीक्षक उ0प्र0।
13— संबंधित समस्त वित्त एवं लेखाधिकारी, बेसिक शिक्षा विभाग।
14— राज्य परियोजना निदेशक, महिला समाख्या, उ0प्र0 लखनऊ।
15— गार्ड फाइल ।

आज्ञा से,

( रमेश चन्द्र घिल्डियाल )
संयुक्त सचिव।

mdm v

Enclosure of G.O. No. 332/79-6-11-1(2)2009 दिनांक 28-2-2011 का संलग्नक

**[Mid-Day-Meal Scheme]**
**Fund Allocation for Conversion Cost**

**Primary & Upper Primary Schools**

**2010-11: PLAN: Central & State Share: 4th Installment (as per District's Demand) Grant-71**

**(In Rs. Lac)**

| Sl. No. | Districts | CC Demamd of Districts for Primary category | | | CC Demamd of Districts for Upper Primary category | | | Total Funds being Released as 4th Installement |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Central Share | State Share | Total | Central Share | State Share | Total | |
| 1 | Aligarh | 40.09 | 13.36 | 53.45 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 53.45 |
| 2 | Ambedkar Nager | 75.00 | 25.00 | 100.00 | 48.75 | 16.25 | 65.00 | 165.00 |
| 3 | Azamgarh | 183.68 | 61.22 | 244.90 | 15.71 | 5.24 | 20.95 | 265.85 |
| 4 | Baghpat | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 18.75 | 6.25 | 25.00 | 25.00 |
| 5 | Basti | 51.80 | 17.27 | 69.07 | 90.75 | 30.25 | 121.00 | 190.07 |
| 6 | Hardoi | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 71.24 | 23.75 | 94.99 | 94.99 |
| 7 | Jhansi | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 33.75 | 11.25 | 45.00 | 45.00 |
| 8 | Kanpur Nagar | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 21.26 | 7.09 | 28.35 | 28.35 |
| 9 | Kaushambi | 1.13 | 0.37 | 1.50 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 1.50 |
| 10 | Lalitpur | 80.25 | 26.75 | 107.00 | 33.13 | 11.04 | 44.17 | 151.17 |
| 11 | Mainpuri | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 83.78 | 27.93 | 111.71 | 111.71 |
| 12 | Mathura | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 37.50 | 12.50 | 50.00 | 50.00 |
| 13 | Pratapgarh | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 73.13 | 24.37 | 97.50 | 97.50 |
| 14 | Raibareilly | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 101.26 | 33.75 | 135.01 | 135.01 |
| 15 | S K Nagar | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 22.50 | 7.50 | 30.00 | 30.00 |
| 16 | Saharanpur | 62.09 | 20.70 | 82.79 | 15.35 | 5.11 | 20.46 | 103.25 |
| **Total** | | **494.04** | **164.67** | **658.71** | **666.86** | **222.28** | **889.14** | **1547.85** |

(रमेश चन्द्र त्रिलिडियाल)
संयुक्त सचिव,
बेसिक शिक्षा विभाग
उत्तर प्रदेश शासन